Your imagination, we Print...
JGP
JAY graphics & printers
COMMERCIAL PRINTERS
C-15 VIKRAM CHAMBARS, NR.INCOME TAX OFFICE, ASHRAM ROAD, AHMEDABAD.
Ph. : 93288 95485

Regd.RNI.No. GUJHIN/2016/72566

GANDHINAGAR

# पाटनगर उदय

प्रधान सम्पादक : ईलेवान एच. ठाकर
मो. : 99784 07016

सह सम्पादक : सुरेश के. मालाणी
मो. : 9426963888

● वर्ष : 10 ● अंक : 192 ● तारीख : 19-04-2026, SUNDAY ● पेज : 4 ● मुल्य : 0.90/- (paisa) वार्षिक शुल्क : 280/-

'पाटनगर उदय'
दैनिक समाचार पत्र में समाचार, प्रेस नोट एवं विज्ञापन के लिये
सम्पर्क करे :- गांधीनगर कार्यालय
403, अखबार भवन, सेक्टर-11, गांधीनगर- 382011.
अहमदाबाद कार्यालय : 4, अवनी हाउस, मिठाखली रेल्वे क्रॉसिंग के पास, मिठाखली गाम, अहमदाबाद - 380006.
मोबाईल नं. : 93288 95485
email:- patnagaruday@gmail.com

● कार्यवाहक सम्पादक : कनकभाई पंड्या ● Published at I-503, Pramukh Aura, Nr. Pramukh Nagar Bunglows, Pramukh Nagar Road, Kh-0 Road, Sargasan Char Rasta, GANDHINAGAR.(GUJ) ● ई-मेईल : patnagaruday@gmail.com

**ममता बोलीं- BJP का कल से पतन शुरू; तमिलनाडु में राहुल के हेलीकॉप्टर की जांच हुई**

# हिमंता बोले-ममता ने वोट के लिए जमीन बांग्लादेशियों को बेची

## कलिम्पोंग में एक रैली के दौरान हिमंता ने कहा कि जब से ममता CM बनी हैं, उन्होंने पूरे बंगाल को बर्बाद कर दिया है। उन्हें सत्ता से हटाना होगा, वरना हम बंगाल खो देंगे

»कोलकाता

असम CM हिमंत बिस्वा सरमा ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी ने ने वोटों के लिए बंगाल की जमीन बांग्लादेशी मुसलमानों को बेच दी है। कलिम्पोंग में एक रैली के दौरान हिमंता ने कहा कि जब से ममता CM बनी हैं, उन्होंने पूरे बंगाल को बर्बाद कर दिया है। उन्हें सत्ता से हटाना होगा, वरना हम बंगाल खो देंगे।

इधर, बंगाल के उलुबेरिया में चुनावी रैली में ममता बनर्जी ने कहा कि BJP का पतन कल से शुरू हो गया है। हम पिछले कई दशकों से महिलाओं के आरक्षण के मुद्दे की वकालत करते आ रहे हैं। यह महिलाओं के आरक्षण का बिल नहीं था, बल्कि इसका संबंध परिसीमन से था; इसलिए हमने इसका विरोध किया।

वहीं, शनिवार को तमिलनाडु में राहुल गांधी ने पहली चुनावी रैली की। पोन्नेरी में जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा- धरती पर ऐसी कोई ताकत नहीं है जो तमिलनाडु या तमिल भाषा को जरा भी नुकसान पहुंचा सके, क्योंकि तमिल कोई साधारण भाषा नहीं है।

राहुल ने कहा कि पुराने जमाने की सेनाओं की तरह ही, BJP भी तमिल भाषा पर हमला करना चाहती है, इतिहास को मिटाना चाहती है और तमिल संस्कृति को तोड़-मरोड़कर पेश करना चाहती है। हम ऐसा कभी भी होने नहीं देंगे।

मोदी ने महिला आरक्षण मुद्दे पर कहा- मैं अपने लोगों के बीच अपने मन की पीड़ा और चिंता बताने आया हूं। 2023 में हमने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास किया और कल संसद महिला आरक्षण लागू करने की दिशा में एक कदम उठाया।

मैंने पर्सनली सभी पॉलिटिकल पार्टियों से इसका सपोर्ट करने की अपील की। मैंने उनसे कहा था कि वे क्रेडिट ले सकते हैं, मुझे कोई एतराज नहीं है। मैं बस चाहता हूं कि आम परिवार की बहनें ज्यादा से ज्यादा संसद विधानसभा में आएं। ये बिल पास होता तो आम महिलाओं को लाभ होता। महिलाओं को कई सीटें मिल सकती थीं। विपक्ष ने शर्मनाक राजनीति की।

मैं डीएमके को कहना चाहता हूं, आपके काले कारनामों जनता जान चुकी है। झूठ फैलाने से आप छिप नहीं सकते। मैं तमिलनाडु की जनता को एश्योर करता हूं। यह हमारी लड़ाई का अंत नहीं है, यह तो शुरुआत है। हम आपके अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहेंगे।

आज रात को 8:30 बजे मैं देश को संबोधित करूंगा। इसी विषय पर विस्तार से बताऊंगा। डीएमके ने बस झूठ फैलाया है। उनका कहना है कि परिसीमन के बाद सीटें घट जाएंगी। हमने बाद में उनके मन की भी बात कही लेकिन इन्होंने यूटर्न ले लिया। तमिलनाडु के कोयंबटूर में जनसभा को संबोधित करते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा कि राज्य की राजनीति में नया दौर शुरू हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि तमिलनाडु की जनता साफ संदेश दे रही है कि NDA सत्ता में आएगा और DMK बाहर जाएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बदलाव राज्य की राजनीति में एक नया अध्याय लिखेगा और आने वाले चुनावों में जनता NDA के पक्ष में फैसला देगी। पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिले में चुनाव आयोग की टीमें दूरदराज के इलाकों में पहुंचकर वोटिंग सुनिश्चित कर रही हैं। 11-कालचीनी विधानसभा क्षेत्र के अदमा, चूनावती और बक्सा डुआर्स जैसे पोलिंग स्टेशनों तक जाकर टीमों ने वोटिंग कराई। बंगाल CM ममता बनर्जी ने कहा- आज प्रधानमंत्री मोदी एक बार फिर झूठ के जाल में फंसाकर देश के लोगों को संबोधित करेंगे। भाजपा शासन में, जो लोग कभी दंगे भड़काते थे, वे अब देश के नेता बन गए हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी अमेरिका के प्रभाव में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ हुई डील में देश के किसान, मजदूर, छोटे व्यापार और ऊर्जा सुरक्षा को बेच दिया गया है।

राहुल गांधी ने यह भी दावा किया कि डोनाल्ड ट्रंप के जरिए अमेरिका के प्रधानमंत्री को कंट्रोल करता है। उन्होंने एपस्टीन फाइल्स का जिक्र करते हुए गंभीर आरोप लगाए। राहुल गांधी ने कहा कि संसद में महिलाओं से जुड़े बिल का इस्तेमाल परिसीमन करने के लिए चुनावी नक्शे के रूप में किया जा रहा था।

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि इससे देश का चुनावी नक्शा बदला जाता और दक्षिण भारत, छोटे राज्यों और पूर्वोत्तर के प्रतिनिधित्व को कम किया जाता। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने मिलकर इस कोशिश को रोक दिया।

# केंद्र सरकार ने महंगाई भत्ता 2% बढ़ाकर 60% किया

## 50 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 69 लाख पेंशनर्स को फायदा होगा

»नई दिल्ली

सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (DA) और महंगाई राहत (DR) में 2% की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। सरकार ने DA-DR 58% से बढ़कर 60% किया है। यह बढ़ोतरी 1 जनवरी 2026 से लागू होगी। इस फैसले से सरकार का सालाना 6,791 करोड़ रुपए का खर्च बढ़ेगा।

इससे पहले अक्टूबर में महंगाई भत्ते को 55% से बढ़ाकर 58% किया गया था। पिछला रिविजन 1 जुलाई 2025 से प्रभावी माना गया था, जिसका भुगतान एरियर के साथ किया गया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शनिवार (18 अप्रैल) को दिल्ली में हुई कैबिनेट बैठक में इसका ऐलान किया गया। इससे लगभग 50.5 लाख कर्मचारियों और 68.3 लाख पेंशनर्स को फायदा होगा।

केंद्र सरकार साल में दो बार, जनवरी और जुलाई में महंगाई भत्ते (DA) और महंगाई राहत (DR) में बदलाव करती है। इस फैसले से कर्मचारियों की मंथली सैलरी और पेंशनर्स की पेंशन में इजाफा होता है। महंगाई भत्ता (DA) सरकारी कर्मचारियों को दिया जाने वाला 'कॉस्ट-ऑफ-लिविंग' एडजस्टमेंट है। इसका कैलकुलेशन बेसिक पे के प्रतिशत के रूप में किया जाता है।

इसका मुख्य मकसद बढ़ती कीमतों के बीच कर्मचारियों की वास्तविक आय की सुरक्षा करना है, ताकि उनकी सैलरी महंगाई के साथ तालमेल बिठा सके। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब कर्मचारी संगठन 8वें वेतन आयोग के तहत सैलरी स्ट्रक्चर में बड़े बदलाव की मांग कर रहे हैं। नेशनल काउंसिल-जॉइंट कंसल्टेटिव मशीनरी (NC-JCM) ने अपने ज्ञापन में 3.83 के हायर फिटमेंट फैक्टर की मांग की है।

अगर यह मांग मानी जाती है, तो न्यूनतम बेसिक पे 18,000 से बढ़कर करीब 69,000 हो सकती है। संगठन ने सैलरी कैलकुलेशन के लिए परिवार की परिभाषा में आश्रित माता-पिता को शामिल करने और वेतन विसंगतियों को दूर करने का सुझाव भी दिया है।

हालांकि आठवें वेतन आयोग के लागू होने की टाइमलाइन का ऐलान अभी तक नहीं हुआ है। कयास लगाए जा रहे हैं कि ये जल्द लागू हो सकता है। लेकिन इसे पूरी तरह इम्प्लीमेंट होने में 2028 तक का इंतजार करना पड़ सकता है। ये एक मल्टीप्लायर नंबर है, जिसे मौजूदा बेसिक सैलरी से गुणा करके नई बेसिक सैलरी निकाली जाती है। वेतन आयोग इसे महंगाई और लिविंग कॉस्ट को ध्यान में रखकर तय करता है। नए वेतन आयोग के लागू होने तक महंगाई भत्ता बेसिक पे के प्रतिशत के रूप में ही कैलकुलेट किया जाता रहेगा। इसे हर छह महीने में जनवरी और जुलाई में संशोधित किया जाता है।

# राहुल पर FIR का अपना आदेश हाईकोर्ट जज ने बदला :बिना नोटिस केस दर्ज करना सही नहीं माना

## याचिकाकर्ता बोला- CJI से शिकायत करेंगे

»लखनऊ

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सांसद राहुल गांधी के खिलाफ FIR दर्ज करने का अपना ही आदेश बदल दिया है। मामला दोहरी नागरिकता से जुड़ा है। कोर्ट ने शनिवार को अपनी वेबसाइट पर नया आदेश जारी किया।

कोर्ट ने बताया कि शुक्रवार (17 अप्रैल) को सुनवाई हुई थी। इसमें याचिकाकर्ता समेत केंद्र और राज्य सरकार के वकीलों से पूछा गया था कि क्या राहुल गांधी को नोटिस जारी करने की जरूरत है? वकीलों ने नोटिस जारी करने की कोई जरूरत नहीं बताई थी। इसके बाद FIR दर्ज करने का आदेश पारित कर दिया गया था। हालांकि, आदेश टाइप होने से पहले न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने फिर से फैसले को परखा। उन्होंने पुराने केसों की स्टडी में पाया कि ऐसे मामलों में नोटिस भेजना जरूरी है।

कोर्ट ने कहा कि राहुल गांधी को नोटिस जारी किए बिना फैसला करना उचित नहीं है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 20 अप्रैल की तारीख तय की है।

यह याचिका कर्नाटक में रहने वाले भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर ने दायर की थी। उन्होंने राहुल गांधी पर ब्रिटिश नागरिकता का आरोप लगाते हुए विदेशी अधिनियम, पासपोर्ट अधिनियम आदि में केस दर्ज होने की मांग की है।

कोर्ट का फैसला आने के बाद विग्नेश ने कहा- राहुल गांधी के खिलाफ FIR दर्ज करने का फैसला वापस लेने की शिकायत हम CJI से करेंगे। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने शुक्रवार को राहुल गांधी के खिलाफ FIR दर्ज करने का आदेश दिया था। जस्टिस सुभाष विद्यार्थी ने कहा था- FIR दर्ज करके मामले को CBI को ट्रांसफर किया जाए। हालांकि, इससे पहले 28 जनवरी, 2026 को MP-MLA कोर्ट ने विग्नेश शिशिर की याचिका को खारिज कर दिया था। सुनवाई के दौरान जज सुभाष विद्यार्थी ने गृह मंत्रालय के फॉरेनर्स डिवीजन को निर्देश दिए थे कि मामले से संबंधित सभी जरूरी दस्तावेज पेश करें। मंत्रालय ने केस से जुड़ी सभी फाइलें हाईकोर्ट में पेश की थीं। विग्नेश शिशिर का दावा है कि उन्होंने कोर्ट में दस्तावेज और साक्ष्य पेश किए। इनसे संकेत मिलता है कि राहुल गांधी यूनाइटेड किंगडम में मतदाता रहे हैं। वहां चुनावों में भागीदारी से जुड़े रिकॉर्ड मौजूद हैं।

शुक्रवार को सुनवाई में यूपी सरकार की तरफ से वकील डॉ. बीके सिंह पेश हुए थे। केंद्र सरकार का पक्ष वकील एसबी पांडेय ने रखा। याचिकाकर्ता विग्नेश शिशिर की तरफ से बिंदेश्वरी पांडेय कोर्ट पहुंचे थे। सुप्रीम कोर्ट ने 2019 में राहुल की भारतीय नागरिकता से जुड़ी याचिका खारिज कर दी थी। उस समय के चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने कहा था कि अगर कोई कंपनी किसी फॉर्म में राहुल गांधी को ब्रिटिश नागरिक के तौर मेंशन करती है, तो क्या ऐसा कर देने से ही वे ब्रिटिश नागरिक हो गए।

# पुणे में एयरफोर्स के विमान की हार्ड लैंडिंग :करीब 11 घंटे बंद रहा रनवे

## 91 फ्लाइट्स कैंसिल हुईं; सुबह नॉर्मल हो सका ऑपरेशन

»पुणे

पुणे इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शुक्रवार रात भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान की हार्ड लैंडिंग हुई। रात 10:30 बजे हुई इस घटना के बाद रनवे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। जिसके कारण एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन करीब 11 घंटे तक प्रभावित रहा।

पुणे एयरपोर्ट के डायरेक्टर संतोष धोके ने बताया कि IAF के विमान को सुबह करीब 5.45 बजे रनवे से हटा दिया गया था। लेकिन नोटम का टाइम बढ़ाकर सुबह 9 बजे कर दिया गया था। हालांकि फ्लाइट ऑपरेशन सुबह 7.30 बजे के बाद नॉर्मल हो सका।

IAF ने X पर बताया कि दोनों पायलट सुरक्षित हैं। रनवे की मरम्मत के बाद उसे फ्लाइट्स के लिए फिट घोषित कर दिया गया। दिन भर में ऑपरेशन सामान्य हो जाएगा।

एयरपोर्ट डायरेक्टर के मुताबिक रनवे बंद रहने के दौरान 5 एयरलाइंस की 91 फ्लाइट्स कैंसिल करनी पड़ी थीं। जबकि 12 फ्लाइट्स को डाइवर्ट कर दिया गया।

इनमें इंडिगो की 65, एअर इंडिया की 6, स्पाइसजेट की 5, अकासा एयर की 5, एअर इंडिया एक्सप्रेस की 10 फ्लाइट्स शामिल थीं। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक पुणे इंटरनेशनल एयरपोर्ट के अधिकारियों के बताया कि शुक्रवार रात लगभग 22:25 बजे लड़ाकू विमान लैंडिंग करने वाला था। इस दौरान उसका 'अंडरकैरेज' (लैंडिंग गियर यानी पहियों के नीचे का हिस्सा) खराब हो गया था, जिसके कारण वह रनवे पर टकरा गया। इससे रनवे ब्लॉक हो गया था।

SATCO IAF के अनुसार विमान वहीं फंस गया था। विमान की स्थिति और उसमें हुई क्षति को देखते हुए, रनवे को अस्थायी रूप से बंद करने के लिए सुबह 5.30 बजे तक के लिए एक NOTAM जारी किया गया था। बाद में यह समय बढ़ाकर सुबह 9 बजे तक कर दिया गया।

हालांकि यह कौन सा फाइटर जेट था, इसके बारे में अथॉरिटीज ने कोई जानकारी नहीं दी है। न ही इसके विजुअल मिल सके। आम तौर पर रनवे पर लैंड करते समय प्लेन धीरे-धीरे और स्मूदली उतरता है। लेकिन अगर वह जोर से रनवे पर टकरा जाए या तेजी से नीचे आए तो उसे हार्ड लैंडिंग कहते हैं। हार्ड लैंडिंग की कई वजह हो सकती हैं, इनमें खराब मौसम (तेज हवा, तूफान), पायलट के कैल्कुलेशन में गड़बड़ी या फिर अचानक हवा का दबाव बदलना शामिल है।

हार्ड लैंडिंग के दौरान कभी-कभी सिर्फ झटका ही लगता है, लेकिन इन्टेन्सिटी ज्यादा होने से विमान को नुकसान हो सकता है। उसमें बैठे पैसेंजर और क्रू को चोटें लग सकती हैं।

# डॉ. भावेश काचा की पुस्तक 'माइक्रोस्कोप' का भव्य विमोचन, भारतीय संस्कृति के वैज्ञानिक पहलुओं का सूक्ष्म दर्शन

»सूरत

रंगभवन(जीवनभारती विद्यालय नानपुरा सूरत)पर"संस्कृति का सूक्ष्मदर्शन कराता 'माइक्रोस्कोप'" नामक पुस्तक का भव्य विमोचन संपन्न हुआ। इस पुस्तक के लेखक डॉ. भावेश काचा हैं, जो स्वयं एम.डी. एनेस्थेटिस्ट हैं और सूरत में प्राइवेट प्रैक्टिस करते हैं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री कानजीभाई भालाला (सौराष्ट्र पटेल सेवा समाज के अध्यक्ष), श्री निखिलभाई मद्रासी (सदर्न चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष) तथा श्री महेशभाई रमाणी (आशादीप ग्रुप ऑफ स्कूल) उपस्थित रहे। इस अवसर पर सूरत के 500 से अधिक प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लिया, जिनमें ख्यातनाम डॉक्टर, शिक्षक एवं अन्य बुद्धिजीवी शामिल थे।


कार्यक्रम का संचालन संदीपा ठेसिया एवं आशीष भलाणी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कानजीभाई, निखिलभाई, लेखक डॉ. भावेश काचा तथा डॉ. मोना श्रॉफ ने प्रभावशाली वक्तव्य प्रस्तुत किए।

कानजीभाई भालाला ने कहा कि "माइक्रोस्कोप" पुस्तक में हमारी संस्कृति के गूढ़ विचारों को इतनी सरलता से प्रस्तुत किया गया है कि आश्चर्य होता है कि जटिल बातों को बच्चों के लिए भी सहज बनाया जा सकता है। डॉ. भावेश काचा ने गहन चिंतन योग्य विषयों को कहानी के रूप में सरल ढंग से प्रस्तुत किया है।

निखिलभाई मद्रासी ने कहा कि आज के समय में जब लोगों को पढ़ना भी कठिन लगता है, तब धर्म और संस्कृति जैसे विषयों पर इतना प्रभावी लेखन कर पुस्तक रूप में प्रस्तुत करना एक बड़ी उपलब्धि है।

डॉ. मोना श्रॉफ ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि जीवन का मार्गदर्शक है। इसमें ऐसे विचार हैं जो जीवन बदल सकते हैं। यदि जीवन में केवल एक ही पुस्तक पढ़नी हो, तो यही पढ़नी चाहिए। यह पुस्तक लॉजिक और मान्यताओं के बीच उलझे लोगों के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सांस्कृतिक तथ्यों को समझाती है और आज की पीढ़ी के कठिन प्रश्नों के उत्तर देती है।



डॉ. भावेश काचा ने कहा कि हम प्रबुद्ध लोग समाज को बेहतर बनाने का प्रयास करते हैं, लेकिन प्रयास किस स्तर का होना चाहिए? यदि मच्छर आते हैं तो हम उन्हें मारते हैं या मच्छरदानी लगाते हैं, लेकिन संस्कृति यह सोचती है कि मच्छर आए क्यों? गंदगी कहां से आई? क्यों और कैसे उत्पन्न हुई? संस्कृति इस स्तर पर विचार कर सिद्धांत देती है। इसलिए संस्कृति को समझने के लिए व्यापक दृष्टिकोण आवश्यक है।

उन्होंने आगे कहा कि भारतीय संस्कृति आकर्षक नहीं बल्कि "फैसिनेटिंग" है, यानी जैसे-जैसे हम उसमें गहराई से उतरते हैं, उसका आकर्षण बढ़ता जाता है।

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे शरीर में शुगर अधिक हो जाए तो डायबिटीज हो जाती है, वैसे ही यदि धन केवल व्यक्तिगत उपभोग में दिखे तो वह "सांस्कृतिक डायबिटीज" है। धन का संतुलित उपयोग समाजहित में होना चाहिए, अन्यथा असामाजिक समस्याएं बढ़ती हैं।

इसी प्रकार जब शरीर के कुछ कोश अपने स्वार्थ में बढ़ते हैं तो वह कैंसर कहलाता है। वैसे ही जब प्रबुद्ध लोग "my life my rule" के अनुसार समाज की अनदेखी करते हैं, तो वह "सांस्कृतिक कैंसर" है।

उन्होंने अपने पेशे का उल्लेख करते हुए कहा कि एक एनेस्थेटिस्ट के रूप में उनका काम मरीज का दर्द कम करना है। उसी तरह भारत माता और संस्कृति माता को भी कई घाव लगे हैं। इस पीड़ा को कम करने के उद्देश्य से उन्होंने "माइक्रोस्कोप" पुस्तक को एक "दवा" के रूप में तैयार किया है, जिसे समाज तक पहुंचाना जरूरी है।

इस पुस्तक में ऐसा लेखन किया गया है जिससे हर प्रबुद्ध नागरिक और युवा अपनी संस्कृति को तार्किक रूप से समझ सके और दूसरों के प्रश्नों का उत्तर दे सके।

कार्यक्रम के दौरान एक QR कोड के माध्यम से "सनातन चैलेंज" नामक MCQ टेस्ट भी आयोजित किया गया, जिसमें 25 प्रश्न थे। इसमें प्रतिभागियों को उनके स्कोर के अनुसार "सनातन साधक", "रक्षक" या "योद्धा" की उपाधि दी गई। अंत में प्रतिभागी अपना नाम और फोटो के साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट करने योग्य पोस्टर भी प्राप्त कर सकते थे। यह गतिविधि लोगों को बेहद पसंद आई।

विमोचन के दौरान ही लगभग 925 पुस्तकों की बिक्री हुई।

यह पुस्तक गुजराती, हिंदी और अंग्रेजी – तीनों भाषाओं में प्रकाशित की गई है।

रिपोर्टः जयुभाई टांक
(पत्रकार – सूरत, गुजरात)
9624986108

### ईरानी गनबोट्स ने चेतावनी भी नहीं दी, जहाज स्ट्रेट पार किए बिना लौटे

# होर्मुज से गुजर रहे भारतीय जहाजों पर फायरिंग

»वॉशिंगटन डीसी

होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की कोशिश कर रहे दो व्यापारी जहाजों पर शनिवार दोपहर गोलीबारी हुई। इसमें एक भारतीय झंडे वाला तेल जहाज भी शामिल था। यह जानकारी कई समुद्री और सुरक्षा सूत्रों ने दी है, जिसे शिपिंग मॉनिटर टैंकर ट्रैकर्स ने रिपोर्ट किया।

ब्रिटेन के समुद्री निगरानी केंद्र मैरिटाइम ट्रेड ऑपरेशन सेंटर के मुताबिक, ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड की दो गनबोट्स टैंकर्स के पास आईं और बिना रेडियो चेतावनी फायरिंग शुरू कर दी।

इसके बाद दोनों जहाज स्ट्रेट पार किए बिना ही लौट गए। हालांकि जहाज और उसके क्रू मेंबर सुरक्षित बताए गए हैं। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय जहाज लगभग 20 लाख बैरल इराकी तेल लेकर जा रहा था।

इस घटना के बाद भारत ने सख्त रुख दिखाया है। ANI की रिपोर्ट के मुताबिक भारत के विदेश मंत्रालय (MEA) ने शनिवार को भारत में तैनात ईरान के राजदूत को तलब किया और इस घटना पर औपचारिक विरोध दर्ज कराया। इससे पहले ईरान ने होर्मुज को बंद करने का ऐलान किया था। ईरान का आरोप था कि अमेरिका सीजफायर का उल्लंघन कर रहा है इसलिए 24 घंटे के भीतर उसने फैसला बदल लिया। ओमान के पास होर्मुज स्ट्रेट के करीब एक भारतीय तेल टैंकर पर ईरानी नौसेना द्वारा फायरिंग की घटना सामने आई है। 'जग अर्णव' नाम का यह जहाज करीब 20 लाख बैरल इराकी तेल लेकर जा रहा था।

इस मामले में दो भारतीय जहाज—'जग अर्णव' और 'सन्मार हेराल्ड'—शामिल थे। शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'जग अर्णव' पर फायरिंग की गई, जबकि दूसरा जहाज सुरक्षित रहा।

इससे पहले खबर आई थी कि दो भारतीय जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से वापस लौटना पड़ा था। इसी बीच यह घटना हुई। भारतीय नौसेना मामले की जानकारी जुटा रही है। हालांकि, फिलहाल होर्मुज स्ट्रेट में कोई भारतीय युद्धपोत तैनात नहीं है, लेकिन ओमान की खाड़ी में भारतीय युद्धपोत मौजूद हैं। अधिकारियों के अनुसार, भारत ने इस घटना को गंभीरता से लिया है। भारत इस मार्ग पर निर्भर प्रमुख देशों में शामिल है, ऐसे में यहां बढ़ता तनाव उसकी ऊर्जा आपूर्ति पर असर डाल सकता है।

इस बीच, मैरिटाइम डेटा के मुताबिक, हाल ही में आठ टैंकरों का एक काफिला इस रास्ते से गुजरा था, जो क्षेत्र में जारी तनाव के बीच शिपिंग गतिविधियों के फिर शुरू होने का संकेत था। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने वैश्विक राजनीति में बढ़ती आक्रामक बयानबाजी पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि दुनिया हर दिन किसी राष्ट्रपति की धमकी भरी टिप्पणियों के साथ नहीं जी सकती।

बार्सिलोना में आयोजित प्रोग्रेसिव लीडर्स समिट में बोलते हुए लूला ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्यों से मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष को रोकने के लिए अपना रुख बदलने की अपील की।

उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर परोक्ष निशाना साधते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर धमकी भरे संदेश देना वैश्विक शांति के लिए ठीक नहीं है।

लूला ने कहा, "हम हर सुबह उठकर और हर रात सोने से पहले किसी राष्ट्रपति के ट्वीट से दुनिया को धमकाते हुए नहीं देख सकते।" लेबनान में संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन पर तैनात फ्रांसीसी सैनिकों पर हुए हमले में एक जवान की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने इस हमले के पीछे हिजबुल्लाह का हाथ होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सभी संकेत इसी ओर इशारा करते हैं और लेबनानी अधिकारियों से हमलावरों को जल्द गिरफ्तार करने की अपील की है।

दूसरी ओर, लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने इस हमले की कड़ी निंदा की है और UN शांति बल के फ्रांसीसी दल पर हुए हमले की तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। इजराइल ने सीजफायर के बावजूद लेबनान में हमले जारी रखने की बात स्वीकार की है। इजराइली सेना ने कहा है कि उसके बलों ने दक्षिणी लेबनान में कई जगहों पर आर्टिलरी और एयर स्ट्राइक किए हैं।

### ओडिशा-छत्तीसगढ़ में कई स्कूल बंद

## यूपी का बांदा एशिया में सबसे गर्म, पारा 45.4C पहुंचा



»नई दिल्ली/भोपाल/जयपुर/लखनऊ

देश के लगभग सभी राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है। उत्तर प्रदेश के बांदा में शुक्रवार को तापमान 45.4C दर्ज हुआ, जो इस सीजन में अब तक एशिया में सबसे ज्यादा तापमान है। दिलचस्प बात यह है कि एक हफ्ते पहले, यानी 9-10 अप्रैल को देश के मैदानी इलाकों में सबसे कम 12C तापमान भी बांदा में ही दर्ज हुआ था।

इधर, आज से अगले 4 दिन मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल में लू चलने की आशंका है। यूपी के 16 जिलों में तापमान 40C से ज्यादा रहा, जिससे हीटवेव यानी लू चली। प्रयागराज, वाराणसी समेत 50 शहरों में भीषण गर्मी पड़ रही है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा के कई जिलों में तापमान 43C के पार पहुंच गया है। MP के 13 जिलों में स्कूलों का टाइम बदला गया है। छत्तीसगढ़ के अलावा ओडिशा के बोलांगीर, सुबर्णपुर और कालाहांडी जिलों में 21 अप्रैल तक सभी स्कूल, कॉलेज और आंगनवाड़ी केंद्र बंद रहेंगे।

राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली में शुक्रवार को बारिश ने थोड़ी राहत दी है। फिर भी इन राज्यों में पारा 40C के ऊपर रहा। जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल, बिहार, सिक्किम, बंगाल, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में बारिश का अलर्ट है। बंगाल से लगे ओडिशा के कुछ जिलों में भी बारिश हो सकती है। इधर कर्नाटक के कुछ जिलों में ओले गिर सकते हैं। मध्य महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और तटीय कर्नाटक के जिलों में भी बारिश होगी। जिससे मौसम उमस भरा हो जाएगा। शनिवार सुबह आंध्र प्रदेश के तिरुमाला में मौसम अचानक बदल गया, यहां सुबह कोहरा छाया है। हालांकि जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल में बर्फबारी का अलर्ट है। वहीं सिक्किम के नाथुला में शुक्रवार-शनिवार को बर्फबारी हुई। छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, ओडिशा और महाराष्ट्र के कुछ स्थानों पर लू का अलर्ट है। आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु में गर्म और उमस भरा मौसम रहेगा अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय में भारी बारिश होने की संभावना है। जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड में आंधी और बिजली की आशंका है।

## आतंकवाद के खिलाफ सेना की बड़ी तैयारी! ड्रोन के साथ जम्मू-कश्मीर पुलिस को दी स्पेशल ट्रेनिंग

भारतीय सेना के टाइगर डिवीजन की तरफ से जम्मू कश्मीर के पुलिस कर्मियों के लिए आयोजित किया गया एक संयुक्त उग्रवाद-रोधी और आतंकवाद-रोधी रिफ्रेशर कोर्स शनिवार (18 अप्रैल, 2026) को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया. इस कोर्स की शुरुआत पिछले हफ्ते मंगलवार (7 अप्रैल, 2026) को हुई है, जिसका समापन शनिवार को किया गया. इसे भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के वरिष्ठ नेतृत्व की ओर से संयुक्त रूप से तैयार किया गया था. इसका उद्देश्य जम्मू-कश्मीर के गतिशील सुरक्षा वातावरण में परिचालन तालमेल, समन्वय और प्रक्रियाओं के मानकीकरण को बढ़ाना था. प्रशिक्षण का मुख्य फोकस जूनियर नेतृत्व क्षमताओं को मजबूत करने पर था, जो आतंकवाद-रोधी परिदृश्यों में छोटी टीम के अभियानों के प्रभावी निष्पादन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं. कोर्स के दौरान, प्रतिभागियों को परिचालन के व्यापक पहलुओं में प्रशिक्षित किया गया, जिसमें छोटी टीम के अभियान और गश्त, त्वरित प्रतिक्रिया टीम और मोबाइल वाहन जांच चौकी अभ्यास, घात और घात-रोधी तकनीकें, घेराबंदी और तलाशी अभियान और कमरा-प्रवेश प्रक्रियाएं शामिल थीं. इसके अलावा, हथियार चलाने और फायरिंग, आधुनिक उपकरणों के उपयोग, ड्रोन की पहचान और ड्रोन-रोधी उपाय, प्राथमिक उपचार और हताहतों को निकालने और खुफिया जानकारी जुटाने और साझा करने में विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया. प्रशिक्षण पद्धति में पूर्वाभ्यास और सामरिक अभ्यास शामिल थे, जिससे प्रतिभागियों को न केवल व्यावहारिक परिचालन दक्षता हासिल करने का अवसर मिला, बल्कि विभिन्न प्रकार के निगरानी उपकरणों, ड्रोन और ड्रोन-रोधी प्रणालियों सहित उच्च-तकनीकी उपकरणों से परिचित होने का भी मौका मिला. इस रिफ्रेशर कोर्स का सफल आयोजन, निर्बाध समन्वय, साझा स्थितिजन्य जागरूकता और आपसी विश्वास की शक्तियों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.

## श्री सरस्वती विद्यालय (CBSE स्कूल), सेक्टर 3-बी, गांधीनगर के कक्षा 5 से 9 तक के विद्यार्थियों द्वारा विक्रम साराभाई कम्युनिटी साइंस सेंटर, अहमदाबाद का शैक्षणिक भ्रमण

### विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए इन अवधारणाओं को समझा

»अहमदाबाद

श्री सरस्वती विद्यालय (CBSE स्कूल), सेक्टर 3-बी, गांधीनगर के कक्षा 5 से 9 तक के विद्यार्थियों ने दिनांक 17 अप्रैल 2026 को प्रातः 09:15 बजे से 12:00 बजे तक विक्रम साराभाई कम्युनिटी साइंस सेंटर, अहमदाबाद का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के सिद्धांतों का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था।



भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने जल चक्र, प्राकृतिक चक्र एवं अन्य वैज्ञानिक सिद्धांतों से संबंधित विभिन्न चार्ट और प्रदर्शनों का अवलोकन किया। स्टीम इंजन मॉडल, हाइट मेजरमेंट मशीन तथा कलेडोस्कोप जैसे उपकरणों ने विद्यार्थियों का विशेष ध्यान आकर्षित किया और सीखने की प्रक्रिया को रोचक बनाया।

भ्रमण का मुख्य आकर्षण स्टीम इंजन मॉडल रहा, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों ने Vikram Sarabhai के प्रारंभिक वैज्ञानिक नवाचार के बारे में जाना। इससे विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और प्रेरणा का संचार हुआ।

निकीता मैम ने विद्यार्थियों को सेंट्रीफ्यूगल फोर्स एवं ग्रैविटेशनल फोर्स जैसे जटिल विषयों को सरल एवं रोचक ढंग से समझाया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए इन अवधारणाओं को समझा।

भ्रमण के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विज्ञान से संबंधित अपने प्रश्न पूछकर शंकाओं का समाधान किया। इसके अतिरिक्त, केंद्र में स्थित विज्ञान दुकान का भी शिक्षकों ने अवलोकन किया, जहां शिक्षण कार्य हेतु उपयोगी शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध थी।

यह शैक्षणिक भ्रमण अत्यंत ज्ञानवर्धक, रोचक एवं प्रेरणादायक रहा, जिससे विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और जिज्ञासा को बढ़ावा मिला

## बाल लेखिका हसवी जैन की किताब अहमदाबाद में लॉन्च हुई

»अहमदाबाद

अहमदाबाद के VIP चैंप्स में युवा लेखन प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए एक सुंदर साहित्यिक कार्यक्रम आज वी.आई.पी.चेम्प्स, श्री सहजानंद स्वामी गुरुकुल, कोटेश्वर, मोटेरा, अमदावाद में आयोजित किया गया, जिसमें 8 साल की लेखिका हसवी जैन की एक शैक्षिक किताब का विमोचन किया गया।



इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मशहूर फिल्म डायरेक्टर और प्रोड्यूसर राजेंद्रसिंह राठौड़, गुजराती एक्ट्रेस दीपिका पाटिल, एक्ट्रेस और मॉडल मेघना ओझा, एक्ट्रेस और मॉडल दीपिका पाटिल, सेवा प्रयास की फाउंडर अस्मिता बलदानिया और डायबिटीज, फिशर और पाइल्स एक्सपर्ट डॉ. अमरीश शाह मौजूद थे। उनकी मौजूदगी ने कार्यक्रम को खास बना दिया और छोटे बच्चों को प्रेरित किया।

हसवी जैन अभी मोटेरा के साकार इंटरनेशनल स्कूल में स्टैंडर्ड 2 में पढ़ रही हैं और उन्होंने भारत की सबसे कम उम्र की लेखिकाओं में से एक के रूप में अपनी पहचान बनाई है। उनकी किताब "एनिमल अल्फाबेट कलरिंग बुक" छोटे बच्चों और प्री-स्कूलर्स के लिए डिज़ाइन की गई एक फ़ोनिक्स लर्निंग एक्टिविटी बुक है, जिसमें जानवरों की आकर्षक तस्वीरों, कलरिंग एक्टिविटीज़ और मज़ेदार लर्निंग तरीकों के ज़रिए अपरकेस और लोअरकेस लेटर्स को इंट्रोड्यूस किया गया है।

यह किताब हसवी पब्लिकेशन ने पब्लिश की है, जबकि सोशल मीडिया मार्केटिंग और प्रमोशन घनीखामा ने संचालित किया।

इस पुस्तक विमोचन कार्यक्रम को फिलमफीवर ने सक्सेसफुली द्वारा सफलता पूर्वक संचालित किया।

इस किताब का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों के लिए एजुकेशन को आसान, इंटरेस्टिंग और क्रिएटिव बनाना है, ताकि वे बेसिक एकेडमिक स्किल्स डेवलप करें और उनकी इमैजिनेशन बढ़े। प्रोग्राम के दौरान मौजूद लोगों ने हसवी के टैलेंट, कड़ी मेहनत और किताब की एजुकेशनल इंपॉर्टेंस की तारीफ़ की।

कार्यक्रम में पेरेंट्स, बच्चों और टीचर्स का ज़बरदस्त रिस्पॉन्स देखा गया, जिन्होंने हसवी की अचीवमेंट की तारीफ़ की। यह इनिशिएटिव न सिर्फ़ छोटे टैलेंटेड बच्चों को एनकरेज करता है, बल्कि क्रिएटिव लर्निंग में भी अहम कंट्रीब्यूशन देता है।

रिपोर्ट :- मिहिरकुमार शिकारी,अमदावाद

## महाराष्ट्र, ओडिशा और बिहार से 4 संदिग्ध गिरफ्तार : राम मंदिर, संसद निशाने पर थे

### पुलिस ने बताया- खिलौने में बम लगाकर हमले की तैयारी में थे

»नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने महाराष्ट्र, ओडिशा और बिहार से चार संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि इनके पास से IED और उससे जुड़ा सामान बरामद हुआ है।

आरोपियों में दो महाराष्ट्र और एक-एक ओडिशा और बिहार के हैं। इनकी पहचान मोसाइब अहमद, मोहम्मद हम्माद, मोहम्मद सोहेल और शेख इमरान के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक दो आरोपी एक रिमोट कंट्रोल खिलौना कार में IED फिट करने की तैयारी में थे।

जांच में यह भी सामने आया कि शेख इमरान दिसंबर 2025 में दिल्ली गया था। उसने रेड फोर्ट और इंडिया गेट जैसे जगहों की रेकी की थी। एजेंसियों के अनुसार, इन लोगों ने राम मंदिर, संसद भवन और सैन्य ठिकानों जैसे बड़े टारगेट पर हमले की भी चर्चा की थी। पुलिस के अनुसार ये सभी आरोपी एक कट्टरपंथी विचारधारा से प्रभावित थे और गजवा-ए-हिंद जैसे नैरेटिव को बढ़ावा दे रहे थे। आरोपी एन्क्रिप्टेड सोशल मीडिया ग्रुप्स पर एक्टिव थे। इन ग्रुप्स में जिहाद, हथियार और कट्टरपंथी विचारधारा से जुड़ा कंटेंट शेयर किया जाता था।

इन्हीं प्लेटफॉर्म्स के जरिए नए लोगों को जोड़ने और प्रभावित करने की कोशिश की जा रही थी। दिल्ली पुलिस के अनुसार, एक आरोपी ने रेड फोर्ट की एडिटेड तस्वीर शेयर की थी, जिसमें काला झंडा लगाया गया था। इसके जरिए आरोपी लोगों को भड़काना चाहते थे। पुलिस का कहना है कि चारों आरोपी साधारण बैकग्राउंड से आते हैं। मोसाइब अहमद पहले खाड़ी देशों में ऑटो इलेक्ट्रीशियन के तौर पर काम कर चुका है और उसी तकनीकी जानकारी का इस्तेमाल IED बनाने में कर रहा था।

मोहम्मद हम्माद मुंबई का रहने वाला है और 12वीं की पढ़ाई कर रहा है। उसने जनवरी 2026 में एक बंद ग्रुप जॉइन किया था, जहां IED बनाने के लिए जरूरी सामान जैसे बॉल बेयरिंग, कील और खिलौना कार की तस्वीरें साझा की थीं।

वहीं, शेख इमरान ओडिशा के भुवनेश्वर का रहने वाला है। उसे 11 अप्रैल को उसके किराए के कमरे से गिरफ्तार किया गया था। उसने 2024 में कुछ धार्मिक प्रवचन सुनने शुरू किए थे, जिसके बाद उसके विचार कट्टर होते गए। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर एक ग्रुप बनाया। इसके बाद हथियार और ट्रेनिंग की व्यवस्था करने की बात कही।

मोहम्मद सोहेल बिहार के कटिहार का रहने वाला है और पेशे से प्लंबर है। पुलिस के अनुसार उसने सोशल मीडिया पर युवाओं को भड़काने का काम किया और फंड जुटाने के लिए बैंक अकाउंट और QR कोड भी शेयर किया।

### हूती विद्रोहियों के हमलों से डरकर रास्ता बदला, 6000 नाविक और 3 डेस्ट्रॉयर भी साथ

# अफ्रीका का चक्कर लगाकर मिडिल ईस्ट जा रहा अमेरिकी वॉरशिप

»वॉशिंगटन डीसी

समुद्र में दुनिया के सबसे ताकतवर जंगी जहाजों में शामिल अमेरिका का विशाल एयरक्राफ्ट कैरियर USS जॉर्ज एचडब्ल्यू बुश सीधा रास्ता छोड़कर लंबा चक्कर लगा रहा है।


यह जहाज अब डेढ़ गुना ज्यादा दूरी तय करते हुए अफ्रीका का पूरा चक्कर लगाकर ईरान के करीब पहुंच रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक रेड सी का रास्ता हूती विद्रोहियों के खतरे से भरा है। जिससे बचने के लिए यह अमेरिकी सुपरकैरियर लंबा रास्ता लेने को मजबूर है।

फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी कैरियर जिब्राल्टर, भूमध्य सागर और स्वेज नहर होते हुए रेड सी से गुजरते हैं। लेकिन इस बार अमेरिकी नौसेना ने यह रास्ता नहीं चुना है।

इस कैरियर के साथ तीन डेस्ट्रॉयर और करीब 6,000 नाविक हैं। दो अमेरिकी अधिकारियों ने AP को बताया कि यह स्ट्राइक ग्रुप मिडिल ईस्ट तैनाती के लिए रवाना हुआ है।

इस सबसे ताकतवर माने जाने अमेरिकी जहाज का इतना लंबा रूट लेना कोई आम बात नहीं है। पेंटागन ने आधिकारिक तौर पर वजह नहीं बताई है, लेकिन संकेत साफ हैं कि अफ्रीका का रास्ता लेने से यह जहाज लाल सागर और बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट से बच रहा है।

हाल के सालों में इस इलाके को यमन के हूती विद्रोही ने असुरक्षित बना दिया है। इन हूती विद्रोहियों को ईरान का समर्थन है और पहले भी वे लाल सागर और बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट जैसे अहम समुद्री रास्तों पर ड्रोन और मिसाइल हमले कर चुके हैं। यही वजह है कि दुनिया की सबसे ताकतवर नौसेना भी अब उस रास्ते से जाने से बच रही है।



2024 और 2025 में हूती हमलों में अमेरिकी और व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाया गया था। हाल के महीनों में भी उन्होंने हमले फिर शुरू करने की धमकी दी है, जिससे यह इलाका असुरक्षित बना हुआ है। बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट दुनिया के सबसे अहम समुद्री रास्तों में गिना जाता है। यह रेड सी को अदन की खाड़ी से जोड़ता है और हर साल करीब 20 हजार जहाज यहां से गुजरते हैं।

वैश्विक व्यापार का लगभग 10% इसी रास्ते से होता है, खासकर तेल और गैस की सप्लाई के लिए यह बेहद जरूरी है। यह रास्ता भौगोलिक रूप से भी चुनौतीपूर्ण है। इसकी सबसे संकरी जगह करीब 32 किलोमीटर चौड़ी है और यह दो हिस्सों में बंटा है।

एक गहरा और चौड़ा रास्ता, पश्चिमी डक्ट-एल-मयून चैनल करीब 16 मील चौड़ा है जहां बड़े जहाज चलते हैं। दूसरा संकरा रास्ता पूर्वी चैनल बाब इस्कंदर करीब दो मील चौड़ा है जिसका इस्तेमाल छोटे जहाज करते हैं।

पहले यहां खतरा प्राकृतिक कारणों जैसे चट्टानों और तेज हवाओं से था, लेकिन अब सबसे बड़ा खतरा बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव से बन गया है। USS जॉर्ज एचडब्ल्यू बुश अमेरिका का 10वां और आखिरी निमिट्ज क्लास न्यूक्लियर पावर्ड सुपरकैरियर है। निमिट्ज अमेरिका के सबसे बड़े और सबसे ताकतवर युद्धपोतों की एक खास श्रेणी (क्लास) है, जो परमाणु ऊर्जा से चलते हैं और जिन पर लड़ाकू विमान तैनात होते हैं।

यह जहाज करीब 6000 नाविकों और एयरक्रू के साथ तैनात है और इसके साथ तीन डेस्ट्रॉयर भी चल रहे हैं। मार्च के आखिर में यह अमेरिका के नॉरफोक बेस से रवाना हुआ था और हाल ही में नामीबिया के तट के पास देखा गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह मिडिल ईस्ट की ओर जा रहा है। जहां यह USS अब्राहम लिंकन के साथ जुड़ सकता है, जो फरवरी से ही उस इलाके में ऑपरेशन कर रहा है।

# आईपीएल में आज होगा सीएसके और सनराइजर्स में मुकाबला

**हैदराबाद (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद की टीम शनिवार को यहां आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर जीत के इरादे से उतरेगी। अपने शुरुआती चार मैचों में से तीन में हारने के बाद सनराइजर्स ने अपने घरेलू मैदान पर शानदार वापसी की है। पिछले मैच में उसने प्रफुल्ल हिंगे और साकिब हुसैन की गेंदबाजी से राजस्थान रॉयल्स को हराया था जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं। इन दोनो ही गेंदबाजी ने रॉयल्य के खिलाफ चार-चार विकेट लेकर अपने को साबित किया था। इन दोनों युवा गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से सनराइजर्स का तेज गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है। टीम की बल्लेबाजी कप्तान ईशान किशन के अलावा अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन पर आधारित है। वहीं दूसरी और रुतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में उतर रही सीएसके का प्रदर्शन इस सत्र में अच्छा नहीं रहा है और वह अंक तालिक में काफी नीच है। रुतुराज सहित टीम के बल्लेबाज फार्म में नहीं हैं। टीम अब तक एक संजू सैमसन के शतक से एक ही मैच जीती है। सैमसन ने ही अब तक एक अर्धशतक और एक शतक लगाया है। टीम को अब तक दो जीत मिली है जिससे वह वापसी की राह पर है। टीम के पास बल्लेबाजी में युवा आयुष म्हात्रे ने भी अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है और दो अर्धशतक लगाये हैं। किया है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद के चोटिल होकर बाहर होने से सीएसके की गेंदबाजी कमजोर हुई है। ऐसे में टीम इस मैच में मुकेश कुमार को शामिल कर सकती है। दोनो के बीच अब तक कुल 22 मैच खेले गए हैं, जिनमें से 15 में सीएसके और 7 में सनराइजर्स जीती है।




**टीम इस प्रकार है**

**सनराइजर्स हैदराबादः** ईशान किशन (कप्तान और विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, अमित कुमार, सलिल अरोड़ा, ब्रायडन कार्स, पैट कमिंस, हर्ष दुबे, क्रेन्स फुलेट्रा, ट्रैविस हेड, प्रफुल्ल हिंगे, हेनरिक क्लासेन, लियाम लिविंगस्टोन, ईशान मलिंगा, कामिंदु मेंडिस, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षल पटेल, डेविड पायने, साकिब हुसैन, शिवम मावी, शिवांग कुमार, रविचंद्रन स्मरण, ओंकार तरमाले, जीशान अंसारी।

**चेन्नई सुपर किंग्सः** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, उर्विल पटेल, संजू सैमसन, शिवम दुबे, आयुष म्हात्रे, श्रेयस गोपाल, जेमी ओवरटन, अंशुल कंबोज, गुरजापनीत सिंह, नूर अहमद, अकील हुसैन, प्रशांत वीर, कार्तिक शर्मा, मैथ्यू शॉर्ट, अमन खान, सरफराज खान, मैट हेनरी, राहुल चाहर, जैकरी फॉल्क्स, रामकृष्ण घोष और मुकेश चौधरी।

# डी कॉक आईपीएल में तीन अलग-अलग टीमों से शतक लगाने वाले पहले विदेशी खिलाड़ी बने



**मुम्बई (एजेंसी)।** इंडियान प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है और उसे अब तक केवल एक पांच में से एक ही मैच में जीत मिली है। गत दिवस पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले में भी उसे हार का सामना करना पड़ा था हालांकि इस मैच में टीम के सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरे क्विंटन डी कॉक ने शानदार शतक लगया था। डी कॉक के नाम इस शतक के साथ ही एक अनौखा रिकार्ड दर्ज हो गया है। वह तीन अलग-अलग टीमों से शतक लगाने वाले पहले विदेशी खिलाड़ी बन गये हैं।

मुंबई इंडियंस से पहले, उन्होंने लखनऊ सुपर जाएंट्स और दिल्ली डेयरडेविल्स (जो अब दिल्ली कैपिटल्स है) के लिए भी शतक बनाए थे। उनकी यह हैट्रिक दिखाती है कि कि वह अलग-अलग आईपीएल टीमों से भी बेहतर प्रदर्शन करते आये हैं।

इसके अलावा डी कॉक आईपीएल में बतौर विकेटकीपर भी तीन शतक लगाने वाले एकमात्र खिलाड़ी बने हैं। ये उपलब्धि उन्हें लीग के सबसे मूल्यवान खिलाड़ियों में से एक बनाती है। डी कॉक से संजू सैमसन ने ये रिकार्ड बनाया था। सैमसन ने चेन्नई सुपर किंग्स के लिए इस सत्र में जबकि इससे पहले राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए भी शतक लगाये थे। वहीं, केएल राहुल आईपीएल में यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी थे, जिन्होंने पंजाब किंग्स, लखनऊ सुपर जाएंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते हुए शतक लगाये हैं।

आईपीएल के बाहर भी डी कॉक ने अपने टी20 क्रिकेट करियर में भी एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पंजाब किंग्स के खिलाफ लगाया गया यह शतक उनके टी20 करियर का नौवां शतक था, जिसके साथ ही वह विराट कोहली के शतकों की बराबरी पर आ गये हैं। डी कॉक अब टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक जड़ने वाले खिलाड़ियों की सूची में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस सूची में उनसे ऊपर क्रिस गेल 22 शतक, बाबर आजम 11 शतक और डेविड वॉर्नर 10 शतक हैं।

# मुम्बई इंडियंस को हराकर पंजाब किंग्स अंक तालिका में शीर्ष पर

**मुंबई (एजेंसी)।** प्रभसिमरन सिंह (नाबाद 80) और श्रेयस अय्यर (66) की तूफानी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत पंजाब किंग्स ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 24वें मुकाबले में मुम्बई इंडियंस को 21 गेंदें शेष रहते सात विकेट से शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही पंजाब किंग्स अंक तालिका में नौ अंकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गई है।

197 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं हुई उसने तीसरे ही ओवर में प्रियांश आर्य (15) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद कूपर कॉनली भी (17) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। दोनों बल्लेबाजों को ए एम गजनफर ने आउट किया। कप्तान श्रेयस अय्यर ने प्रभसिमरन सिंह के साथ पारी को संभाला और तीसरे विकेट लिये 139 रन जोड़े। 16वें ओवर शार्दुल ठाकुर ने श्रेयस अय्यर को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। श्रेयस अय्यर ने 35 गेंदों में पांच चौके और चार छक्के उड़ाते हुए 66 रनों की पारी खेली। पंजाब किंग्स ने 16~3 ओवरों में तीन विकेट पर 198 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से अपने नाम कर लिया। प्रभसिमरन सिंह ने 39 गेंदों में 11 चौके और दो छक्के उड़ाते हुए नाबाद 80 रनों की पारी खेली। मार्कस स्टॉयनिस 10 रन बनाकर नाबाद रहे। मुम्बई इंडियंस की यह पांच मैचों में लगातार चौथी हार है।

आज यहां इससे पहले क्विंटन डी कॉक (नाबाद 112) और नमन धीर (50) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर मुम्बई इंडियंस ने पंजाब किंग्स के खिलाफ छह विकेट पर 195 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। मुम्बई इंडियंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मुम्बई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसे अर्शदीप सिंह ने तीसरे ही ओवर में रायन रिकलटन (दो) और सूर्यकुमार यादव (शून्य) के रूप में दोहरे झटके दिये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये नमन धीर ने क्विंटन डी कॉक के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिये 122 रनों की साझेदारी हुई। 14वें ओवर में शशांक सिंह ने नमन धीर को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। नमन धीर ने 31 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के लगाते हुए 50 रनों की पारी खेली। चौथे विकेट के रूप में हार्दिक पंड्या (14) एक बेहतरीन कैच पर लपके गये। उन्हें मार्को यानसन ने आउट किया। 19वें ओवर की पांचवी गेंद पर अर्शदीप सिंह ने शरफ़ेन रदरफ़ोर्ड (एक) को बोल्ड कर पंजाब को पांचवीं सफलता दिलाई। तिलक वर्मा (आठ) रन आउट हुये।

# आईपीएल में आज दिल्ली कैपिल्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी आरसीबी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बेंगलुरू (ईएमएस)। यहां के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में अपनी जीत का सिलसिला बनाये रखने उतरेगी। रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी का इस सत्र में काफी अच्छा प्रदर्शन रहा है और उसने पांच में से अपने चार मैच जीते हैं। जिससे वह अंक तालिका में दूसरे स्थान है। ऐसे में वह इस मैच में भी जीत की प्रबल दावेदार है। आरसीबी के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली सहित सभी खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं। टीम के बल्लेबाजों के अलावा गेंदबाजों का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है।

इस सत्र में वह केवल एक मैच राजस्थान रॉयल्स से हार है। अब वह इस मैच को जीतकर अपने प्लेऑफ में पहुंचने की उनकी संभावनाएं और मजबूत करने उतरेगी।




वहीं अक्षर पटेल की कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स की टीम का प्रदर्शन मिला जुला रहा है। चार मैचों में दो जीत के साथ ही वह पांचवें स्थान पर है। उसे गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। टीम में निरंतरता की कमी है। उसकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी आरसीबी से कमजोर है। ऐसे में उसे अगर ये मैच जीतना है तो अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। टीम की बल्लेबाजी केएल राहुल पर निर्भर करती है जबकि गेंदबाजी की कमान लुंगी एनगिडी संभालेंगे।

आंकड़ों की बात करें तो दोनो ही टीमों के बीच अबतक कुल 33 मैच हुए हैं। इसमें से आरसीबी को 20 बार जबकि दिल्ली कैपिटल्स को 12 बार जीत मिली है वहीं एक मैच को परिणाम नहीं निकला।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं।**

**आरसीबी :** रजत पाटीदार (कप्तान), फिल साल्ट, विराट कोहली, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पांड्या, रोमारियो शेफर्ड, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, रसिख सलाम डार, सुयश शर्मा

इम्पैक्ट प्लेयर~देवदत्त पडिक्कल

**दिल्ली कैपिटल्स :** अक्षर पटेल (कप्तान), पाथुम निसांका, केएल राहुल (विकेटकीपर), डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, औकिब नबी डार, विप्रज निगम, लुंगी एनगिडी, कुलदीप यादव, टी नटराजन, मुकेश कुमार

इम्पैक्ट प्लेयर~समीर रिजवी

## नोवाक जोकोविच चोट के कारण मैड्रिड ओपन से हटे

मैड्रिड। विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने लंबे समय से चली आ रही चोट के कारण मैड्रिड ओपन से नाम वापस ले लिया है। जोकोविच ने इंडियन वेल्स में आयोजित बीएनपी परीबस ओपन के बाद से कोई प्रतियोगिता नहीं खेली है। वह दाहिने कंधे की चोट के कारण मियामी ओपन से बाहर रहे थे और मोंटे कार्लो मास्टर्स में भी हिस्सा नहीं लिया। जोकोविच ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, 'दुर्भाग्यवश, मैं इस साल मैड्रिड ओपन में हिस्सा नहीं ले पाऊंगा। मैं जल्द वापसी के लिए अपनी रिकवरी जारी रखे हुए हूं। हस्ता प्रोंतो (जल्द ही फिर मिलेंगे)।' जोकोविच मैड्रिड में तीन बार के चैंपियन रह चुके हैं। टूर्नामेंट की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'हम उम्मीद करते हैं कि आप जल्द ही यहां वापसी करेंगे, ताकि हम काजा मागिका (मैंड्रिड ओपन की मेजबानी करने वाले स्टेडियम) में एक बार फिर आपके खेल का आनंद ले सकें। जैसा कि हमने पहले कई बार किया है।'



## 25 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच से वापसी कर सकते हैं कमिंस

मुम्बई। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस अपनी चोट से उबर गये हैं और आईपीएल में अपनी टीम सनराइजर्स हैदराबाद से शीघ्र ही खेलते दिख सकते हैं। कमिंस के 25 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच से इस सत्र में वापसी की उम्मीद है। कमिंस के आने से अपनी कमजोर गेंदबाजी के कारण परेशान सनराइजर्स की मुश्किलें समाप्त हो जाएंगी। कमिंस के नहीं होने से अभी टीम ईशान किशन की कप्तानी में खेल रही है। कमिंस अगर वापसी करने में सफल रहते है तो टीम के जीतने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। कमिंस की वापसी सनराइजर्स हैदराबाद के लिए एक बड़ी राहत है, जो उन्हें प्लेऑफ की दौड़ में आगे बढ़ने और संभावित रूप से खिताब की ओर बढ़ने में मदद कर सकती है।

# मनोज तिवारी ने कहा हार्दिक की जगह पर रोहित को फिर कप्तान बनाये मुम्बई इंडियंस

कोलकाता। पूर्व क्रिकेटर और बंगाल की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलने वाले मनोज तिवारी ने आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लगातार खराब प्रदर्शन के लिए कप्तान हार्दिक पांड्या को जिम्मेदार बताते हुए कहा है कि उन्हें कप्तानी स्वयं छोड़ देनी चाहिये जिससे एक बार फिर रोहित शर्मा को कप्तानी दी जा सके। आईपीएल के इस सत्र में मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है और उसे पांच में से चार मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। इसी के बाद से ही पांड्या प्रशंसकों के निशाने पर हैं। ऐसे में तिवारी का मानना है कि पांड्या को कप्तानी छोड़ देनी चाहिए जिससे रोहित को एक बार फिर टीम की कमान दी जा सके। रोहित की कप्तानी मे टीम ने पांच बार खितब जीता है। वहीं जब से उन्हें कप्तानी से हटाकर हार्दिक को कप्तानी दी गयी है टीम लगातार हारी है। इस सत्र में भी खराब प्रदर्शन के कारण मुंबई अंक तालिका में नौवें स्थान पर खिसक गयी है। इन चार हार में से तीन मैचों में हार्दिक ने कप्तानी की है, जबकि एक मैच में सूर्यकुमार यादव कप्तान थे। टीम के इस खराब प्रदर्शन और हार्दिक की कप्तानी के लिए मनोज तिवारी ने उनकी आलोचना भी की है। इस पूर्व क्रिकेटर ने हार्दिक की कप्तानी को कमजोर बताया। उन्होंने कहा, रोहित की कप्तानी में मुंबई इंडियंस ने 2022 तक पाँच आईपीएल ट्रॉफी जीती थीं, जबकि हार्दिक पांड्या ने गुजरात टाइटन्स के साथ 2023 और 2024 में कोई ट्रॉफी नहीं जीती, और इस साल भी ऐसा होने की संभावना कम ही है। तिवारी ने जोर देते हुए कहा कि कप्तान के तौर पर जितना सजग और सक्रिय होना चाहिये वैसे हार्दिक नहीं हैं। गौरतलब है कि हार्दिक आईपीएल 2021 तक मुंबई इंडियंस का हिस्सा थे पर साल 2022 में दो नई टीमों के आने के बाद उन्हें गुजरात टाइटन्स का कप्तान बना दिया गया था पर दो साल बाद ही वह वापस मुम्बई पहुंच गये।



# 'यही चीज आखिरकार टीम को जीत दिलाती है', रिकी पोंटिंग ने खोला पंजाब किंग्स की सफलता का राज

**मुंबई (महाराष्ट्र) (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स के हेड कोच रिकी पोंटिंग ने गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस पर अपनी टीम की 7 विकेट की शानदार जीत के बाद जीतने वाली सोच बनाने के पीछे के मुख्य कारणों का खुलासा किया। PBKS ने IPL 2026 सीजन में अपनी चौथी जीत दर्ज की। वे एकमात्र ऐसी टीम हैं जिसे अभी तक कोई हरा नहीं पाया है। पांच मैचों में से उन्होंने चार जीते हैं, जबकि एक मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था।

जियो हॉटस्टार पर बात करते हुए पोंटिंग ने कहा कि एक जीतने वाली टीम बनाने की शुरुआत एक ऐसा माहौल बनाने से होती है जहां खिलाड़ियों को लगे कि उनकी कद्र हो रही है और वे टीम के साथ जुड़े हुए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक कोच के तौर पर उनकी भूमिका खिलाड़ियों को नियंत्रित करने के बजाय उनका मार्गदर्शन करना और उन्हें चुनौती देना है, और असफलता को खेल का ही एक हिस्सा मानना है।



उन्होंने कहा, 'मेरे लिए, इसकी शुरुआत एक सही माहौल बनाने से होती है जहां हर खिलाड़ी को लगे कि उसकी कद्र हो रही है और वे सभी एक ही सोच रखते हैं। एक कोच के तौर पर मैं वहां उनका समर्थन करने और उन्हें चुनौती देने के लिए हूं, न कि उन्हें नियंत्रित करने के लिए। यहां तक कि जब वे असफल होते हैं, तो उन्हें यह पता होना चाहिए कि यह खेल का ही एक हिस्सा है।'

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने आगे कहा कि ञ्20 क्रिकेट में सफलता कुछ खिलाड़ियों के आगे बढ़कर जिम्मेदारी लेने पर निर्भर करती है, इसलिए खिलाड़ियों की भूमिकाएं साफ तौर पर तय होना और टीम का सही कल्चर होना बहुत जरूरी है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रभसिमरन सिंह और शशांक सिंह जैसे खिलाड़ियों का समर्थन करने से उन्हें शानदार प्रदर्शन करने में मदद मिली है, जिससे बदले में टीम को भी सफलता मिली है।

उन्होंने कहा, 'टी20 क्रिकेट में किसी भी दिन आपको बस कुछ ही खिलाड़ियों की जरूरत होती है जो आगे बढ़कर जिम्मेदारी संभालें। इसलिए यह एक मजबूत टीम बनाने के बारे में है, जिसमें हर खिलाड़ी की भूमिका साफ तौर पर तय हो। हमारी नीलामी की रणनीति का भी यह एक बड़ा हिस्सा था - सही लोगों को टीम में लाना ताकि टीम का माहौल (culture) सही बन सके। जब खिलाड़ियों को लगता है कि टीम उनके साथ खड़ी है - जैसे कि प्रभसिमरन या शशांक जैसे खिलाड़ी - तो वे अपने प्रदर्शन से इसका जवाब देते हैं और यही चीज आखिरकार टीम को जीत दिलाती है।'

## टी20 विश्व कप में कनाडा–न्यूजीलैंड मैच में फिक्सिंग के आरोपों की जांच कर रही आईसीसी

दुबई। भारत और श्रीलंका में हुए आईपीसी टी20 विश्वकप के एक मुकाबले में मैच फिक्सिंग के संदेह के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसी) की भ्रष्टाचार विरोधी इकाई (एसीयू) इस मामले की जांच कर रही है। इस मामले में कनाडाई क्रिकेट टीम के कप्तान पर भी आरोप है। इसमें टी20 विश्व कप के दौरान कनाडा के एक मैच में कथित तौर पर मैच फिक्सिंग का दावा किया गया है। इन सनसनीखेज खुलासों का आधार एक डॉक्यूमेंटी को बनाया गया है जो हाल ही में प्रसारित हुई थी। इस फिल्म में कनाडा क्रिकेट के प्रशासन और उसके भीतर व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर कई बड़े आरोप लगाए गए हैं। एसीयू अभी दो सक्रिय मामलों की जांच कर रही है जो क्रिकेट कनाडा के कामकाज और अंतरराष्ट्रीय तथा घरेलू स्तर पर आईसीसी के भ्रष्टाचार विरोधी नियमों के उल्लंघन से जुड़े हैं। मैच फिक्सिंग का सबसे बड़ा आरोप कनाडा और न्यूजीलैंड के बीच हुए विश्व कप मैच से जुड़ा है। इससे न्यूजीलैंड की पारी के पांचवे ओवर पर संदेह जताया गया है। तब कनाडाई कप्तान दिलप्रीत बाजवा गेंदबाजी कर रहे थे। बाजवा को टूर्नामेंट शुरू होने से महज तीन हफ्ते पहले ही कप्तान बनाया गया था। ऑफ–स्पिनर होने के बाद भी वह समय समय गेंदबाजी करने आये जब तेज गेंदबाजों को गेंदबाजी संभालनी पड़ी। उस समय न्यूजीलैंड का स्कोर 2 विकेट पर 35 रन था पर इस ओवर में उन्होंने कुल 15 रन दिए, जिससे उनकी भूमिका पर संदेह गहरा गया है। दूसरी जांच पूर्व कोच खुर्रम चौहान की एक टेलीफोन कॉल रिकॉर्डिंग से संबंधित है। इस रिकॉर्डिंग में चौहान दावा कर रहे हैं कि क्रिकेट कनाडा बोर्ड के वरिष्ठ सदस्यों ने उन पर कुछ खास खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम में चुनने के लिए दबाव डाला था। यह ऑडियो पिछले साल लीक हुआ था और तभी से जांच के घेरे में है। रिकॉर्डिंग में मैचों को फिक्स करने की कोशिशों के भी दावे हैं, हालांकि इनके लिए पक्के सबूत अभी नहीं मिले है।

# चोट के कारण एकिटिके बाकी सीजन और फुटबॉल विश्वकप से बाहर



लंदन। फ्रांस के स्ट्राइकर ह्यूगो एकिटिके, लिवरपूल के चैंपियंस लीग मैच में पेरिस सेंट–जर्मेन से हार के दौरान एच्लीस टेंडन में चोट लगने के कारण वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं। एकिटिके पहले हाफ में फिसलने के बाद एनफील्ड के मैदान से स्ट्रेचर पर बाहर निकले। लिवरपूल को डर है कि 23 साल का यह खिलाड़ी लंबे समय तक खेल से बाहर रह सकता है, जिससे वह अगले सीज़न की शुरुआत में भी नहीं खेल पाएगा। बुधवार को उनका स्कैन हुआ, जिसमें गंभीर चोट की पुष्टि हुई हे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को जारी एक बयान में लिवरपूल ने उनके ठीक होने की कोई समय–सीमा नहीं बताई। क्लब ने कहा, 'चोट के स्कैन से बाद में एच्लीस टेंडन फटने की पुष्टि हुई है। इसलिए, एकिटिके क्लब सीजन के बाकी हफ्तो के लिए खेल से बाहर रहेंगे और इस गर्मी में फ्रांस के साथ होने वाले वर्ल्ड कप में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। इस बारे में आगे की जानकारी सही समय पर दी जाएगी।' बुधवार रात, फ्रांस के मैनेजर डिडिएर डेसचैम्प्स ने फ्रेंच फुटबॉल फेडरेशन द्वारा जारी एक बयान में कहा कि एकिटिके अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में होने वाले इस गर्मी के टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। उन्होंने कहा~ 'ह्यूगो उन दर्जन भर युवा खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने हाल के महीनों में राष्ट्रीय टीम के साथ अपना डेब्यू किया है। वह मैदान के अंदर और बाहर, दोनों जगह टीम के साथ पूरी तरह से घुल–मिल गए थे। यह चोट बेशक उनके लिए एक बड़ा झटका है, लेकिन फ्रांस की टीम के लिए भी यह एक बड़ा झटका है।'

## स्टटगार्ट ओपन 2026 : रयबाकिना और गॉफ क्वार्टरफाइनल में, मुचोवा भी आगे बढ़ीं

स्टटगार्ट। जर्मनी में खेले जा रहे स्टटगार्ट ओपन 2026 में शीर्ष वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना और मौजूदा फ्रेंच ओपन चैंपियन कोको गॉफ ने शानदार जीत दर्ज करते हुए क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। शीर्ष वरीय कजाखिस्तान की एलेना रयबाकिना ने रूस की डायना श्नाइडर को सीधे सेटों में 6–2, 6–4 से हराया। 26 वर्षीय रयबाकिना ने अपने मजबूत सर्विस गेम के दम पर 1 घंटे 12 मिनट में मुकाबला अपने नाम किया। दूसरे सेट में श्नाइडर ने बेहतर खेल दिखाया, लेकिन अहम मौकों पर की गई डबल फॉल्ट्स ने उन्हें पीछे कर दिया, जिसका फायदा रयबाकिना ने उठाया। उन्होंने मैच का अंत अपने नौवें ऐस के साथ किया। अब क्वार्टरफाइनल में उनका मुकाबला लेयला फर्नांडीज या जेनेप सोनमेज में से किसी एक से होगा। दूसरी ओर, दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी अमेरिका की कोको गॉफ ने ल्यूडमिला सैमसोनोवा को 7–5, 6–1 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। अब उनका सामना चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा से होगा। गॉफ ने कहा कि उन्होंने क्ले कोर्ट पर अपने खेल को 14 बार के फ्रेंच ओपन चैंपियन राफेल नडाल से प्रेरित किया है। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, 'क्ले कोर्ट के सबसे महान खिलाड़ी राफा हैं। मैं पूरी तरह उनकी तरह नहीं खेलती, लेकिन उनकी तरह फोरहैंड मारने की कोशिश करती हूं।' इससे पहले, कैरोलिना मुचोवा ने एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए एलिस मर्टेंस को 1–6, 6–3, 6–0 से हराया और क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई।



# श्रेयस अय्यर ने हवा में उड़कर पकड़ा नामुमकिन सा कैच, रोहित और सूर्या रह गए दंग, रिएक्शन वीडियो हुआ वायरल

**मुंबई (एजेंसी)।** श्रेयस अय्यर ने बाउंड्री लाइन पर शानदार फील्डिंग करते हुए रिले कैच पूरा कराया, जिससे हार्दिक पांड्या आउट हुए। इसे देखकर रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव हैरान रह गए।

आईपीएल में बाउंड्री लाइन पर रिले कैच हमेशा से फैंस के लिए खास आकर्षण रहे हैं और आईपीएल 2026 के 24वें मुकाबले में भी ऐसा ही शानदार नजारा देखने को मिला। मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले जा रहे मैच में पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने अपनी फुर्ती और सूझबूझ से एक बेहतरीन रिले कैच पूरा कर सभी को हैरान कर दिया। बाउंड्री के पास संतुलन बिगड़ने के बावजूद उन्होंने गेंद को साथी खिलाड़ी की ओर उछालकर विकेट हासिल कराया, जो इस मैच का यादगार पल बन गया।

**बाउंड्री लाइन पर श्रेयस अय्यर का शानदार कमाल**

यह शानदार कैच उस समय देखने को मिला जब मार्को यानसेन की गेंद पर हार्दिक पांड्या ने सामने की ओर बड़ा शॉट खेला। लॉन्ग ऑन पर खड़े श्रेयस अय्यर ने दौड़ते हुए गेंद को लपका, लेकिन उनका संतुलन बिगड़ गया और वह बाउंड्री लाइन के बाहर जाने लगे। ऐसे में उन्होंने शानदार समझदारी दिखाते हुए हवा में ही गेंद को मार्को यानसेन की ओर उछाल दिया। यानसेन ने बिना कोई गलती किए कैच पूरा कर लिया और हार्दिक पांड्या की पारी का अंत कर दिया। यह रिले कैच फील्डिंग के बेहतरीन उदाहरणों में से एक माना जा रहा है।

**रोहित और सूर्यकुमार का रिएक्शन हुआ वायरल**

श्रेयस अय्यर का यह कमाल मुंबई इंडियंस के डगआउट के सामने ही हुआ, जहां रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव बैठे हुए थे। इस शानदार फील्डिंग को देखकर दोनों खिलाड़ी हैरान रह गए। सूर्यकुमार यादव का मुंह खुला रह गया, जबकि रोहित शर्मा आश्चर्य से उनकी ओर देखते नजर आए। इसके बाद अय्यर ने दर्शकों की तरफ इशारा करते हुए इस विकेट का जश्न मनाया, जिसका वीडियो तेजी से वायरल हो गया और फैंस भी इस पल की जमकर तारीफ कर रहे हैं।

**डी कॉक का शतक और मुंबई का मजबूत स्कोर**

अगर मैच की बात करें तो मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 195 रन बनाए। टीम की ओर से क्विंटन डी कॉक ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 112 रन की पारी खेली। उन्होंने 60 गेंदों पर 186 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए और अपनी पारी में 8 चौके व 7 छक्के लगाए। उनके अलावा नमन धीर ने भी 31 गेंदों में 50 रन की अहम पारी खेली। पंजाब किंग्स की ओर से अर्शदीप सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 3 विकेट झटके और इस दौरान अपने 100 आईपीएल विकेट भी पूरे किए।





# पति को कराएं
## बच्चे की जिम्मेदारी का अहसास

**एक मां ही यह बता सकती हैं कि पेरेंटिंग का अनुभव कितना आनंददायक होता है। अक्सर पुरूष इसे बहुत भारी जिम्मेदारी के तौर पर देखते हैं और शुरू से उन्हें यह लगता है कि बच्चे का पालन-पोषण मां की जिम्मेदारी होती है।**



बच्चे को सही परवरिश देना मां और पिता दोनों का काम होता है, पर बच्चे की परवरिश का जिम्मा मां पर ही आता है। अगर आप चाहती हैं कि आपके पति को भी बच्चे की जिम्मेदारी का अहसास हो तो इन बातों का ध्यान रखें।

### बताएं आप उनकी मदद लेना चाहती हैं

बच्चा होने के बाद कुछ पुरूष यह चाहते हैं कि वो बच्चे की देखभाल करें, पर महिलाएं अक्सर इस संकोच में कि बच्चे का काम पति सही ढंग से कर पाएंगे या नहीं, सोच उनको मना कर देती हैं। अगर आपके पति बच्चे के पालन-पोषण में आपकी मदद करना चाहते हैं तो उनका यह प्रस्ताव सहर्ष स्वीकार कर लें। उन्हें अपने तरीके से बच्चों की केयर करने दें, हर समय टोकें न, अगर वो कहीं गलत है, तो उन्हें प्यार से बताएं।

### भूमिका आनंददायक है

एक मां ही यह बता सकती हैं कि पेरेंटिंग का अनुभव कितना आनंददायक होता है। अक्सर पुरूष इसे बहुत भारी जिम्मेदारी के तौर पर देखते हैं और शुरू से उन्हें यह लगता है कि बच्चे का पालन-पोषण मां की जिम्मेदारी होती है। आप उन्हें बताएं कि एक बच्चे की देखभाल करने में जिम्मेदारी तो है, पर इसमें आनंद भी खूब है। बच्चा जब छोटी-छोटी हरकतें करता है तो उन्हें देखने में कितना मजा आता है। इस तरह की बातें जब आप उनसे शेयर करेंगी तो वो खुद ब खुद इसमें रूचि दिखाने लगेंगे।

### ग्रुप बनाएं पिता भी

पुरूष अक्सर बच्चों के बारे में बात करने से बचते हैं। महिलाएं तो कई बार ग्रुप में जाकर बच्चों की परेशानियां, आदतें आदि के बारे में चर्चा कर लेती हैं, पर पिता को ऐसा नहीं करते। आप पति को प्रोत्साहित करें कि वो फेसबुक, ब्लॉग, फ्रेंड सर्कल में पिताओं के ग्रुप में शामिल हों। इससे वो सारी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं, साथ ही अन्य पुरूषों से अपने अनुभव साझा कर सकते हैं और उनके अनुभव से सीख सकते हैं।

### प्राथमिकता निर्धारित कर उनसे सहयोग मांगें

मां होने के नाते आप प्राथमिकता तय कर लें कि किन-किन बातों में आपको अपने पति की जरूरत पड़ सकती है। यह निर्धारित करने के बाद आप उन्हें बताएं कि आपको उनके सहयोग की कितनी जरूरत है। ऐसा करने से आप एक अच्छा वक्त एक-दूसरे के साथ बिता सकते हैं।

### यादों को रखें सहेज कर

आप अपने पति से पूछें कि फादरहुड के दौरान वो कौन-सी पांच बातें थीं, जिनसे उन्हें बेहद खुशी मिली। आप उन सारी बातों को एक छोटी-सी नोटबुक में नोट करें। अगर उससे जुड़ी फोटो आपको पास है तो उसे भी चिपकाएं, ऐसा करने से आप इन छोटी-छोटी और प्यारी बातों को ताउम्र सहेज कर रख सकेंगी।

# चमकाएं बाल और त्वचा



अगर आप चमकदार त्वचा और हैल्दी हेयर चाहते हैं तो अपनी फूड लिस्ट मे इन चीजों को शामिल कर सकते हैं। ये चीजें आपको खूबसूरती के साथ-साथ बढ़िया सेहत से भी नवाजेंगी।

### विटामिन ए से भरपूर चीजें

**क्या लें:** गाजर, पालक, ब्रोकली, पपीता, आम, आलू व टमाटर
**फायदा:** इन चीजों में कैरोटीन होता है, जो सनस्क्रीन का काम करता है और त्वचा को धूप से बचाता है। टमाटर में लाइकोपीन भी सनस्क्रीन का काम करता है, लेकिन जरूरी है कि टमाटर अच्छे से पका हो।

### सूखे मेवे

**फायदा:** इनमें ओमेगा थ्री फैटी एसिड होता है जो त्वचा में नमी बनाए रखता है। अखरोट में बायोटीन होता है जो बालों को बढ़ाता है, झड़ने और दो मुंहे होने से रोकता है।

### विटामिन सी वाली चीजें

**फायदा:** नींबू, आंवले, संतरे का खट्टापन शरीर में जाकर कोलेजन बनाता है, जो त्वचा की कोशिकाओं को जवां रखता है, इससे झुर्रियां नहीं पड़तीं और त्वचा के घाव भी जल्दी भरते हैं। विटामिन-सी वाली चीजें आसानी से पच जाती हैं और अधिक मात्रा होने पर यूरिन के रास्ते निकल जाती हैं।

### अलसी के बीज

**फायदा:** खाने को कुरकुरा बनाते हैं। इनमें मौजूद फाइबर, ओमेगा थ्री फैटी एसिड व विटाामिन ई से त्वचा की नमी बनी रहती है, मुंहासे नहीं होते। रोजाना एक चम्मच प्रयोग करें।

### विटामिन बी और कॉपर

पुरूषों के बालों में सफेदी की शुरूआत दाढ़ी से होती है, जबकि महिलाओं में कनपटी की तरफ से। इसके प्रमुख कारण हैं: चिंता करना, विटामिन बी, आयरन, कॉपर और आयोडीन की कमी। इसके लिए धूम्रपान न करें, मटर, ब्रोकली, ब्राउन राइस, गांठ गोभी खाएं व ग्रीन टी पीएं।

तौर-तरीके बदलकर



# खुश रहना सीखें

**मन खुश हो, तो तन दुरूस्त रहता है। इसलिए खुश रहने के लिए इन सुझावों को आजमा कर देखें –**

**खुद को एक्सप्रेस करें:** अमरीका की वेक फॉरेस्ट यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों के अनुसार खुद को खुलकर अभिव्यक्त करने से मन में खुशी के भाव आते हैं।

**दूसरों के लिए कुछ करें :** फोर्ब्स डॉट कॉम के शोध के मुताबिक दूसरों के लिए कुछ करने से खुशी मिलती है। जब हम किसी की मदद करते हैं, अपनों को उपहार देते हैं या उन पर खर्च करते हैं, तो मन को सुकून मिलता है।

**सकारात्मक सोचें:** अपनी सोच सकारात्मक रखें और ऐसे लोगों के साथ रहें, जिनसे आपको प्रेरणा मिल सके।

दोस्तों व रिश्तेदारों से अच्छा व्यवहार रखें। यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनॉयस के वैज्ञानिकों ने 30 साल तक एक लाख लोगों पर शोध के बाद पाया कि शिक्षा, राजनीति,सैलरी और संबंधों में से सबसे ज्यादा खुशी लोगों को अच्छे संबंधों से होती है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं क्योंकि डिहाइड्रेशन होने से कई बार मूड चिड़चिड़ा हो जाता है।



# खुद से करें प्यार का वादा

**खूबसूरती बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक होती है, इसलिए अब से आप अपने को हमेशा खूबसूरत मानेंगी। आपके अंदर जो भी खासियत है, उसे और भी निखारेंगी और जो चीजें आपको शर्मिदा महसूस करवाती है, उन्हें कम करने की कोशिश करेंगी।**

नया साल हमें जिंदगी को एक बार फिर नए तरीके से जीने के लिए कहता है। नए साल पर आप अपने से यह वादा करें कि हमेशा अपने आप से प्यार करेंगी।

अब से आपने चाहे कोई हेयरस्टाइल करवाई हो या फिर कोई नई ड्रेस पहनी हो तो उसमें खुद को अच्छा महसूस करेंगी। अपने अंदर यह आत्मविश्वास लाएंगी कि आप जो भी पहन रही हैं, उसमें पूरी तरह परफेक्ट लग रही हैं।

खूबसूरती बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक होती है, इसलिए अब से आप अपने को हमेशा खूबसूरत मानेंगी। आपके अंदर जो भी खासियत है, उसे और भी निखारेंगी और जो चीजें आपको शर्मिदा महसूस करवाती है, उन्हें कम करने की कोशिश करेंगी।

कुछ महिलाएं अपनी त्वचा के रंग को लेकर हमेशा असंतुष्ट रहती हैं, पर आप बिल्कुल भी ऐसा न करेंगी। आप अपनी त्वचा के रंग पर परेशान होने के बजाय यह कोशिश करेंगी कि आपकी त्वचा हमेशा ग्लो करती रहे।

अगर आपके साथ कुछ बुरा होता है या फिर आपके लुक को लेकर आपका कोई करीबी नकारात्मक कमेंट करता है तो उससे अपना मूड खराब करने की बजाय आप उस पर ज्यादा ध्यान नहीं देंगी, बल्कि अब से आप अपने दिमाग में इस बात को रखेंगी कि दूसरों को भले आप पसंद न आएं, पर आप अपने को पसंद करती हैं और करती रहेंगी।

अपने शरीर को पसंद और नापसंद करना आपके हाथों में हैं। वर्तमान में आपकी बॉडी किसी भी शेप में हो, अब से आप उस पर फख्र करेंगी। यह अलग बात है कि अगर आपका वजन कुछ ज्यादा है तो उसे कम करने की कोशिश करेंगी, पर अपने शरीर को लेकर सकारात्मक सोच को खत्म बिल्कुल नहीं करेंगी और उसे अच्छा ही मानेंगी।

आप हमेशा यह मानेंगी कि आप दिल, दिमाग और शरीर तीनों से बेहद खूबसूरत हैं। भले ही आपके बारे में कोई कुछ भी कहे, आप उसकी बात का बुरा नहीं मानेंगी। अगर आप ऐसा सोचेंगी तो सच मानिए, आप गॉर्जियस दिखेंगी।


एक प्यारी मुस्कुराहट लोगों का ध्यान हमेशा आकर्षित करती है और चेहरे पर भी नूर लाती है। इसलिए अब से चेहरे पर हमेशा तनाव लाने की बजाय मुस्कुराहट बनाए रखेंगी। एक प्यारी मुस्कुराहट आपके चेहरे पर चार चांद लगा देगी।

अगर आपके बाल हेल्दी या फिर त्वचा का टोन अच्छा है तो उस पर नाज करेंगी। अपनी कमी को देकर दुखी नहीं होंगी। बाल सफेद हो रहे हैं, उनमें रूसी है तो उन्हें देख-देखकर चिढ़ेंगी नहीं, इन्हें दूर करने के उपाय खुशी-खुशी करेंगी।



# आप संवरिए
## लेकिन जरा संभलकर

**खास मौकों पर सज-संवरकर चेहरे की सुंदरता बढ़ाना वैसे तो कोई बुरी बात नहीं, लेकिन कई बार रोजाना भारी-भरकम मेकअप करने की आदत और पुराने या कम गुणवत्ता वाले ब्यूटी उत्पाद कुछ देर की सुंदरता और लंबे समय की बीमारी लेकर आते हैं।**



### ब्लीच

लोग स्किन की टेनिंग कम करने के लिए या चेहरे के बालों को छिपाने के लिए ब्लीच करते हैं, लेकिन इससे कई बार स्किन एलर्जी हो जाती है।

**उपाय:** ब्लीच को 24 घंटे पहले कान के पीछे लगाकर टेस्ट कर लें, अगर कोई एलर्जी न हो तभी ब्लीच करें। टेनिंग दूर करने के लिए ब्लीच कर रहे हैं तो संतरे, पपीते का पल्प या चंदन पाउडर लगा सकते हैं।

### डियो और परफ्यूम

डियोड्रेंट का ज्यादा प्रयोग अंडरआर्म्स की त्वचा को नुकसान पहुंचाता है। खुजली की समस्या हो, परफ्यूम से छींके आती हों या सांस के रोगी हों तो इनका प्रयोग न करें।

**उपाय:** डियो या परफ्यूम में कैमिकल्स होते हैं, इन्हें सीधे बॉडी पर न लगाकर कपड़ों पर लगाएं।

### आई मेकअप के नुकसान

अगर आप आई मेकअप करने के बाद आंखों में कॉन्टेक्ट लैंस लगाते हैं तो ऐसे में बैक्टीरिया कोर्निया तक पहुंच जाता है जिससे कोर्नियल इंफेक्शन का खतरा रहता है। कई बार मेकअप करने से बैक्टीरिया का मैंब्रेन (झिल्ली) से संपर्क होता है।

### नेलपॉलिश

नेलपॉलिश लगाने के बाद हमें नाखूनों की मैल नहीं दिखती जिससे पेट में इंफेक्शन हो सकता है।

**उपाय:** नाखूनों की सफाई का ध्यान रखें और खाना बनाने या खाने से पहले नेलपॉलिश को सुखा लें।

### फाउंडेशन और ब्लशर

इनके रोजाना प्रयोग से चेहरे के रोमछिद्र बंद हो जाते हैं। त्वचा के अंदर जमी गंदगी और तेल बाहर नहीं आ पाते, जिससे छिद्रों में मवाद जमने से कील-मुहांसे होने लगते हैं।

**उपाय:** ब्यूटी प्रोडक्ट की क्वालिटी का ख्याल रखें। त्वचा ऑयली है तो वॉटर बेस प्रोडक्ट और रूखी है तो ऑयल बेस स्किन प्रोडक्ट का प्रयोग करें।

Printed / Published /Owned by ILEVAN H. THAKAR on behalf of ILEVAN H. THAKAR and Printed at JAY GRAPHICS AND PRINTERS, C/15, Vikram Chambers, Income Tax, Ashram Raod, Ahmedabad - 380 009. Published at 1-503, Pramukh Aura, Nr. Pramukh Nagar Bunglows, Pramukh Nagar Road, Kh-0 Road, Sargasan Char Rasta, GANDHINAGAR.(GUI) Editor: ILEVAN H. THAKAR